# एयरो इंडिया में आज होंगे पांच हजार करोड़ के 17 एमओयू

लखनऊ। बंगलूरू में चल रहे एयरो इंडिया-2021 में उप्र. डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के स्टॉल का बृहस्पतिवार को औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने उद्घाटन किया। शुक्रवार को बंधन कार्यक्रम में राष्ट्रपति की मौजूदगी में यूपीडा 17 कंपनियों के साथ पांच हजार करोड़ के एमओयू करेगा।

## औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने यूपी के स्टॉल का किया उद्घाटन

तीन दिवसीय एयरो इंडिया-2021 में महाना ने इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की आधिकारिक माइक्रो वेबसाइट भी लांच की। उन्होंने बताया कि वेबसाइट निवेशकों को कॉरिडोर की सभी नवीनतम जानकारी जैसे भूमि की उपलब्धता, नोड्स पर मौजूदा बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी की जानकारी आसानी से मिल सकेगी।

वेबसाइट निवेशकों को निवेश के लिए नोड के चयन में भी मदद करेगी। महाना ने हनीवेल, यूक्रेन और बेलारूस के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर प्रदेश में निवेश के लिए चर्चा की। उन्होंने भारतीय वायु सेना के अधिकारियों से स्वदेशी विनिर्माण को विकसित करने और रक्षा तथा एयरो स्पेस के क्षेत्र में यूपी की भूमिका पर चर्चा भी की।

**रक्षा उत्पाद क्षेत्र में निवेश के खुलेंगे द्वार : राजनाथ**

उद्घाटन के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्टॉल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यूपी में डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर से विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने में मदद मिलेगी। साथ ही प्रदेश में रक्षा उत्पाद क्षेत्र में निवेश के नए द्वार खुलेंगे। ब्यूरो